राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक :– 29.12.2014

आयोग द्वारा दिनांक 12.07.2014 से 20.07.2014 को आयोजित प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2013 के द्वितीय प्रश्न पत्र लोक–प्रशासन, भूगोल, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित व इतिहास विषय की उत्तर कुंजियाँ आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 21.10.14 व 10.11.14 को जारी कर ऑनलाइन आपत्तियाँ आमंत्रित की गयी। उक्त विषयों में अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों की जांच विषय विशेषज्ञों से करवा कर **अंतिम** संशोधित उत्तर कुंजियाँ आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 29.12.14 को जारी कर दी गयी हैं। यदि किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 31.12.2014 से दिनांक 02.01.2015 को रात्रि 12.00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाईन आयोग की वेबसाईट पर दर्ज करवा सकता है। पूर्व में प्राप्त आपत्तियों के अतिरिक्त नई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जावेगी। **आपत्तियाँ केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत करें। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक दिनांक 31.12.2014 से दिनांक 02.01.2015 को रात्रि 12.00 बजे तक ही उपलब्ध है, उसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जाऐंगी। ऑनलाइन आपत्तियों के लिये rpscexamsobjections.rajasthan.gov.in Portal या साथ ही rpsconline.rajasthan.gov.in, rpsc.rajasthan.gov.in पर लिंक उपलब्ध हैं। ऑनलाईन आपत्तियों के लिए दिशा – निर्देश आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।** आपत्ति प्रामाणिक (Authentic) पुस्तकों के प्रमाण सहित प्रस्तुत करें । आपत्तियों के साथ प्रामाणिक (Authentic) पुस्तकों के प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में विचार नहीं किया जावेगा तथा वर्तमान में जारी की जा रही उत्तर कुंजियों के आधार पर उक्त परीक्षा का परिणाम जारी किया जा सकेगा।

शेष अन्य विषयों की उत्तर कुंजियों के वेलिडेशन कार्य प्रक्रियाधीन है। शीघ्र जारी की जावेंगी।

उप सचिव